Publication: - Prabhat Khabar

Date: - 11th February, 2020

Page :- 03

State Budget reaction 2020 by The Bengal Chamber on 10th February 2020

बजट में औद्योगिक विकास के लिए अवसर कम

➲ द बंगाल चेंबर में आयोजित परिचर्चा में वक्ताओं ने रखे विचार

कोलकाता. व्यवसायी क्षेत्र के लिए बजट में दो एमएसएमई परियोजनाओं को लागू किया है, जो काफी विकासोन्मुखी है. इन दोनों योजनाओं से छोटे व्यवसायियों को काफी लाभ मिलनेवाला है. बजट में 100 नये इंडस्ट्रियल पार्क बनाने की घोषणा की गयी है. एक तरह से यह बड़ी घोषणा है, लेकिन इसके साथ हम इस बात से इनकार भी नहीं कर सकते कि केवल इंडस्ट्रियल पार्क बनाने से ही राज्य में औद्योगिक विकास होगा. द बंगाल चेंबर ऑफ कॉमर्स की ओर से राज्य बजट पर आयोजित एक परिचर्चा में उक्त बातें द बंगाल चेंबर की अप्रत्यक्ष कर कमेटी के चेयरमैन टी बी चटर्जी ने कहीं.

उन्होंने कहा, कारोबार को बढ़ावा देने के लिए जो परिवेश और बाजार की अवश्यकता होती है, वह बंगाल में अभी तक नहीं हो पाया है. इस संबंध में राज्य में काफी काम करना बाकी है. कारोबार भी वहीं पनपता है, जहां बाजार होता है. भारत का 65 प्रतिशत बाजार नार्थ और वेस्ट में है. 20 प्रतिशत साउथ और मात्र 15 प्रतिशत बाजार ईस्ट में है.

इस दौरान द बंगाल चेंबर के को चेयरमैन विवेक जालान, राजेश भट्टाचार्या, पुलक साहा और समरजीत पुरकायस्त ने भी अपने विचार रखा.

106 d, block-f
new alipore
kolkata 700 053
i n d i a

W +91 33 2445 2766
info@greymatterpr.com
www.greymatterpr.com